बिहार सरकार किसानों को देगी डीज़ल अनुदान

चर्चा में क्यों?

19 जुलाई, 2022 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य के किसानों को डीज़ल अनुदान देने के राज्य सरकार के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- वित्तीय वर्ष 2022-23 में बिहार राज्य आकस्मिकता निधि से कुल 29 करोड़ 95 लाख रुपए की अग्रिम स्वीकृति दी गई। किसानों को प्रति लीटर डीज़ल पर 60 रुपए अनुदान मिलेगा।
- एक एकड़ में खरीफ फसलों की सिंचाई के लिये 10 लीटर डीज़ल की खपत होती है। इस आधार पर किसानों को 600 रुपए प्रति एकड़ की दर से भुगतान किया जाएगा। अनुदान की राशि अधिकतम पाँच एकड़ तक सीमित होगी।
- बिचड़ा बचाने और जूट की दो सिंचाई के लिये 1200 रुपए प्रति एकड़ और धान, मक्का, खरीफ फसलों के तहत दलहनी, तिलहनी, मौसमी सब्जी, औषधीय, सुगंधित पौधों के लिये एक खेत हेतु अधिकतम 3 सिंचाई के लिये अधिकतम 1800 रुपए प्रति एकड़ की दर से पैसा मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-government-will-give-diesel-subsidy-to-farmers